पाठ 12. घर

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक विचार संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे चीज़ों व घटनाओं को देखने और करने का अभिनव तरीका अपना सकें। इस कविता में कवि ने बताया है कि मकान तो बेशक ईंट, सीमेंट, लोहे या मिट्टी गारे से बनता हो, लेकिन घर को जो बातें घर बनाती हैं वे हैं आपस के रिश्ते, एक-दूसरे पर भरोसा और प्यार।

पाठ का सार

घर बनाने के लिए चाहे कोई कितना ही पैसा क्यों न लगा ले लेकिन मनुष्य अगर उसमें नहीं रह पाते तो वह घर मकड़ी के जालों से भर जाता है। कवि कहते हैं कि घर में रहने वाले लोग आपस में लड़ते-झगड़ते ही रहें, तो वह घर कलह से भर जाता है।

हमें चाहिए कि हम ऐसा घर बनाएँ जिसमें रहने वाले लोग एक-दूसरे का सहारा बनें। हम एक दूसरे को सहारा देंगे तो जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हम आसानी से निपट सकेंगे और हम सुखी जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  थोड़ी-बहुत मीठी-अच्छी और प्यारी बातों को कक्षा में बच्चों के साथ साझा करें। ऐसे प्रश्न भी किए जा सकते हैं कि तुम अपने घर के सदस्यों का खयाल किस तरह रखते हो।

  फिर कविता के साथ-साथ रिश्तों के मिठास का पठन-पाठन करते समय ध्यान रखें कि कड़वी बातों की व्याख्या तनिक कम विस्तार से हो, अन्यथा बच्चों के मन में घर को लेकर डरावनी तस्वीर भी बन सकती है।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - क्रियाविशेषण के बारे में परिभाषा व उदाहरण देकर समझाएँ। क्रियाविशेषण क्रिया की विशेषता कितने प्रकार से बता सकते हैं, यह उदाहरण दें। परिभाषा से इस स्तर पर बचा जा सकता है।
  - विलोम शब्दों से बच्चे पहले से ही परिचित हैं। अभ्यास करने के उपरांत पाठ से कुछ अन्य शब्द चुनकर उनके विलोम शब्द पूछे जा सकते हैं।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - एकल परिवार व संयुक्त परिवार के बारे में विस्तार से बताएँ। परिवार में आपसी सहयोग की भावना विकसित हो, यह समझाएँ।
  - आसपास बन रहे किसी मकान के पास बच्चों को ले जाया जा सकता है। वहाँ के क्रियाकलापों के बारे में चर्चा की जा सकती है।